हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 4 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

13 दल्लीराजहरा में शिविर के दौरान 30 लोगों के...

14 कई घरों में गूंजा हर-हर महादेव, हजारों ...




श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

परेशानी : सिवनी के तांदुला नहर नाला पुल से कलेक्टोरेट मार्ग पर चलना हुआ मुश्किल

# सड़क पर सैकड़ों गड्ढे, बारिश ने और बढ़ा दी लोगों की समस्या




हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदारों व ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा ग्राम सिवनी के ग्रामीणों व स्कूली बच्चों सहित कलेक्टोरेट जाने वाले हर एक व्यक्ति को भुगतना पड़ रहा है।

ग्राम सिवनी के तांदुला नहर नाला पुल से स्कूल तक सैकड़ों गड्ढे हैं, जिनमें बारिश का पानी भरा हुआ है। इसके कारण आए दिन यहां लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्राम सिवनी के ग्रामीणों का कहना है कि इसी रोड से रोजाना अधिकारी कर्मचारी गुजरते हैं लेकिन एक बार भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गाड़ी से उतरकर सड़क की बदहाल स्थिति को नहीं देखा। ग्रामीणों ने कुछ तस्वीरें दिखाई जिसमें सड़क पर जगह जगह गड्ढे हैं और उनमें पानी भरा हुआ है जहां से चलना मुश्किल हो गया है।

**अधूरा पड़ा है पुल निर्माण व सड़क सीमेंटीकरण कार्य-** आपको बता दें कि ग्राम सिवनी के तांदुला नहर के पास से संयुक्त जिला कार्यालय तक करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से नया पुल व सड़क सीमेंटीकरण व डामरीकरण का कार्य किया जाना है। इस कार्य को शुरू हुए करीब 10 माह से भी अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन सड़क का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

### 15 अक्टूबर के बाद शुरू होगा काम


विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सड़क का काम 15 अक्टूबर के बाद ही शुरू होगा। यानि कि आमजनता को ढाई महीने तक इसी बदहाल और खतरनाक सड़क से होकर गुजरना होगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अक्टूबर माह में ग्राम सिवनी के पुल के पास से स्कूल तक सीसीरोड का निर्माण होगा और स्कूल के पास से संयुक्त जिला कार्यालय तक डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। लेकिन वर्तमान स्थिति को देखते हुए जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## पंचायत ने जारी किया पट्टा एसडीएम ने बताया अवैध फिर भी निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले के गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खपरी (ब) द्वारा गांव के 17 लोगों को अनाधिकृत तरीके से पट्टा जारी करने की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों ने बताया जिन ग्रामीणों को पंचायत द्वारा पट्टा जारी किया गया था, उसे अ नु वि भा गी य अधिकारी गुण्डरदेही द्वारा साल 2021 में अवैध घोषित किया गया था। उसके बाद भी अब तक अवैध निर्माण करने वाले ग्रामीणों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसे लेकर गांव के ग्रामीणों कलेक्टर को शिकायत कर शासकीय जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाने वालों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

ग्राम खपरी (ब) के ग्रामीणों ने गांव के 17 लोगों के खिलाफ नाम सहित शिकायत करते हुए कहा कि गांव इन 17 लोगों के नाम ग्राम पंचायत द्वारा अनाधिकृत तरीके से पट्टा जारी किया गया है, जिसे अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही के द्वारा आदेश जारी करते हुए उक्त जारी पट्टे को अवैध घोषित किया गया था। क्योंकि पंचायत द्वारा विधि विरुद्ध तरीके से पट्टा जारी किया गया था। जारी किए गए पट्टे को अवैध घोषित करने के बाद भी 17 ग्रामीणों द्वारा मनमानी करते हुए गांव की जमीन पर अवैधानिक तरिके से कब्जा किया गया है और मकान बनाया जा रहा है। इससे गांव में माहौल भी खराब हो रहा है, इसके साथ ही आपसी विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। ग्रामीण घनश्याम साहू, किरण कुमार, प्यारेलाल, दीनदयाल साहू ने बताया कि जिन ग्रामीणों द्वारा अनाधिकृत तरीके से मकान निर्माण कराया जा रहा है, उन पर रोक लगाने उन ग्रामीणों को ग्रामवासियों द्वारा समझाइश दी गई, लेकिन ग्रामवासियों की बात मानने से इंकार करते हुए मकान निर्माण कर रहे हैं। उन ग्रामीणों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर ग्रामवासियों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा है।



- निर्माण रूकवाने कलेक्टोरेट पहुंचे खपरी (ब) के ग्रामीण

## खबर संक्षेप

### मदन लाल साहू कालेज अरमरीकला में दीक्षारंभ कार्यक्रम कल



**बालोद/कलंगपुर।** मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में 5 अगस्त सोमवार को सुबह 11 बजे से दीक्षारंभ कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर सभी संकाय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इस दीक्षा आरंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा इस कार्यक्रम में पालक और जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### हरेली पर दल्लीराजहरा में आज होंगी विविध स्पर्धाएं

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ समन्वय समिति दल्ली राजहरा द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरेली धूमधाम से मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के श्री साहू ने बताया कि समिति की ओर से रविवार को दोपहर 2 बजे खेती किसानी के औजार की पूजा अर्चना की जाएगी। उसके बाद महिलाओं एवं पुरुषों के लिए गेड़ी दौड़ की प्रतियोगिता, नारियल फेंक प्रतियोगिता, सेक्टर दौड़ तथा रास्ता खींच प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में दल्लीराजहरा सहित छत्तीसगढ़ के सभी निवासी शामिल हो सकते हैं।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 अगस्त को सुबह 12 बजे से रखी गई है। बैठक में विभिन्न जानकारी दी जाएगी। साथ ही लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता पर भी चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने समस्त पेंशनर साथियों को बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# आज धूमधाम से मनेगी हरेली, बच्चे खपाएंगे गेड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



लोकजीवन, परंपरा व छत्तीसगढ़ी संस्कृति का एक प्रमुख पर्व हरेली आज मनाया जाएगा। सावन की अमावस्या को मनाए जाने वाला यह त्योहार प्रकृति से जुड़ा हुआ है। यह त्योहार खासतौर पर किसानों के लिए महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यह उनकी मेहनत और कृषि पर निर्भरता को दर्शाता है। आज जहां किसान खेती-किसानी में कार्यों में काम आने वाले औजारों व उपकरणों को धोकर उनकी पूजा करते हैं। वहीं, कृषि कार्यों में उनकी सहायता करने वाले गौवंशों को आटे की लोंदी के साथ मिलाकर जड़ी-बूटी खिलाते हैं, ताकि उन्हें बरसात के समय संभावित बीमारियों के खतरे से बचाया जा सके। इसके साथ ही गुड़ वाला चीला, ठेठरी, खुर्मी, गुलगुले और खीर पुड़ी समेत कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर भोग लगाया जाएगा। वहीं, बच्चे एवं युवा गेड़ी बनाकर उनका आनंद लेंगे।

**बन रहे कई अच्छे संयोग :** आचार्य महेन्द्र पांडे ने बताया कि हरियाली अमावस्या पर चार शुभ संयोग बन रहे हैं। इनमें सिद्धि योग, रवि पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और पुष्य नक्षत्र शामिल हैं। इस दिन पौधा लगाना बहुत ही शुभ माना जाता है।

### हरेली पर आज गुरहा चीला सहित पारंपरिक पकवानों से महकेगी रसोई



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, हरेली किसानों का पहला त्यौहार है। इस त्यौहार में ठाकुर देव की पूजा कर अच्छे फसल की कामना की जाती है ग्रामीण क्षेत्रों में इस त्यौहार का विशेष महत्व है। आज किसान खेती-किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्र तथा बैलों को साफ धोकर पूजा करेंगे। इस दिन गांव में बच्चे और युवा गेड़ी बनाकर व चढ़कर आनंद लेते हैं। हरेली तिहार के दिन सुबह से तालाब में किसान परिवार, बड़े बजुर्ग बच्चे सभी अपने गाय, बैल, बछड़े को नहलाकर और खेती-किसानी, औजार, हल (नांगर), कुदाली, फावड़ा, गैंती को साफ कर आंगन में सजाकर पूजा करेंगे। वहीं, किसान अपने मवेशियों को यादवों द्वारा जंगल से लाई गई जड़ी बूटी खिलाकर बीमारियों से बचाने का उपाय करेंगे। घर में महिलाएं गुड़ का चीला व अन्य पकवान बनाएंगी। किसान अपने अराध्य देवी-देवताओं एवं कृषि औजारों की पूजा अर्चना कर अच्छी फसल की कामना करेंगे।

## वार्ड क्रमांक 3 में लगा शिविर

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरुर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित शिव चौक कला मंच में शासन के जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुविभागिय अधिकारी राजस्व गुरुर प्राची ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, पार्षद चंद्र लता साहू, अनुसूया ध्रुव एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग आदि उपस्थित रहे तथा नगरीय निकाय की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने समस्त शाखा प्रभारी कर्मचारियों के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित थे।



इस शिविर में विभिन्न विभाग के जिनमे चार जन्म प्रमाण पत्र, पांच राशन कार्ड आवेदन का शिविर स्थल में निराकरण किया गया।

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
University Grant Commission | Association of Indian Universities | CG PURC | All Indian Council of Technical Education | BAR Council of India | Pharmacy Council of India
In Collaboration with
RUSHFORD BUSINESS SCHOOL | INDIANATECH | HENRY HARVIN® | SSBM
Admission open 2024-25
Apply Now
+91-91092-44444
+91-91093-33333
City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010
Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996
Industry Integrated with Assured Job
MBA in Banking & Finance
Advanced Specialization Programmes
▸ Artificial Intelligence (AI),
▸ Machine Learning (ML),
▸ Full Stack Development,
▸ Internet of Things (IoT),
▸ Cyber Security,
▸ UI/UX,
▸ Digital Marketing,
▸ Data Science,
▸ Business Analytics,
PHARMACY
D-Pharma | B-Pharma | M-Pharma | Ph.D
LAW
LLB | LLM | BBA-LLB | BA-LLB | Ph.D |
MANAGEMENT
BBA | MBA | EMBA | DBA | PGDBA | Ph.D |
BBA (Industry Integrated) |
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma | B.Sc (Hons) | M.Sc (Fashion , Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA | PGDCA | BCA | MCA | Ph.D |
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib | M.lib | Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma | B.Tech | M.Tech | Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc | B.Sc (Hons) | M.Sc | Ph.D
COMMERCE
B.Com | M.Com | Ph.D |
B.Com(Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma | BA (Hons) | MA | Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANITIES
BSW | MSW | BA | BA (Hons) | MA | Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma | BA (Hons) | B.Sc (Hons) | MA | Ph.D (Yoga/ Naturopathy)

# घर में घुसकर आंखों के सामने सारा सामान समेटता रहा चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

- उसी कमरे में सोई वृद्धा अनहोनी की आशंका से चुपचाप देखती रहीं
- चोर के जाने के बाद बेटे-बहू को दी जानकारी, दर्ज कराई गई रिपोर्ट
- गुंडरदेही में नहीं थम रहीं चोरी की घटनाएं



नगर में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। बीते 30 दिनों में नगर में लगातार चोरी की पांचवी बड़ी घटना हो गई। इस बार चोरों ने दुकान को नहीं, बल्कि घर को निशाना बनाया।

गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को चोरों ने नगर के प्रतिष्ठित नागरिक रविन्द्र त्रिपाठी के मेन रोड स्थित मकान में घुसकर नकद सहित सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर ली। चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। श्री त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि चोर पीछे के रास्ते से अंदर घुसकर नगद सहित जेवरात चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि जिस कमरे में चोरी की घटना हो रही थी, उस समय उनकी 75 साल की मां सोई थी। पूरी वारदात को वह चुपचाप देखती रहीं। उन्हें डर था कि मैं आवाज दूंगी तो अनहोनी घटना हो सकती है, इसलिए चोर के जाने के बाद उन्होंने अपने बेटे-बहू को घटना की जानकारी दी। इधर लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए खुद बालोद एसपी गुण्डरदेही पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया। इधर लगातार घटना से आक्रोशित गुण्डरदेही के व्यापारियों ने फिर एक बार थाना पहुंचकर सीधे एसपी से मिलकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने गस्त बढ़ाने व लगातार पेट्रोलिंग ⏭ शेष पेज 12 पर

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## तांदुला जलाशय छलकने के करीब

### 34 फिट हुआ जलस्तर, 38 में होने लगेगा ओवरफ्लो



**बालोद।** जिले में लगातार अच्छी बारिश से जहां नदी नालों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है तो वहीं जिले के सबसे बड़ा तांदुला जलाशय ओव्हरफ्लो होने के लिए अग्रसर है। जलाशय का जल स्तर बढ़कर करीब 34 फिट तक पहुंच गया है। करीब एक सप्ताह तक ऐसी ही झमाझम बारिश होती रही तो जलस्तर 4 फिट और बढ़कर 38 फिट पहुंच जाएगा जो ओव्हरफ्लो होने के लिए काफी है। हालांकि ओव्हरफ्लो पहले ही हो जाता, जिलेवासियों को इतना इंतजार नहीं करना पड़ता, लेकिन वर्तमान में तांदुला से पानी छोड़ा गया ⏭ शेष पेज 12 पर

# अवधि पूरी नहीं और जीपीसी ट्रेकर कंपनी बिस्तर समेटने की तैयारी में, बौराए निजी स्कूल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

निजी स्कूलों द्वारा संचालित बसों तथा अन्य गाड़ियों में लगाए जाने वाले जीपीएस को लेकर संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। स्कूली बस में सवार छात्रों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से इन वाहनों में जीपीएस लगाया जाना अनिवार्य है।

स्कूलों द्वारा उन्हीं कंपनियों का जीपीएस अपने वाहनों पर लगाया जा सकता है, जिन्हें परिवहन विभाग द्वारा पंजीकृत किया गया हो। पूर्व सरकार के शासनकान में जिन कंपनियों को पंजीकृत किया गया था, स्कूलों द्वारा उनका जीपीएस अपने वाहनों में लगाया गया था, उनमें से कई अब अपनी बैंक गारंटी वापस लेकर व्यवसाय बंद करना चाहती है। इस स्थिति में प्रदेशभर के निजी विद्यालयों को फिर से अपने वाहनों में जीपीएस लगाना होगा। इसके कारण निजी विद्यालयों को आर्थिक नुकसान उठाना होगा। स्कूलों के मुताबिक, इस स्कूलों के बैंक गारंटी वापस लेने से और अपना व्यवसाय बंद करने से उस कंपनी का जीपीएस शून्य हो जायेगा और यह उस कंपनी द्वारा वाहन संचालकों के साथ धोखाधड़ी है। जीपीएस शून्य होने पर नई कंपनी का जीपीएस लगवाना पड़ेगा जो कि वाहन स्वामी पर अतिरिक्त भार है। इसलिए निजी स्कूलों द्वारा मांग की गई है कि जो कंपनी जीपीएस का व्यवसाय नहीं करना चाहती उसकी बैंक गारंटी को रोकें तथा उसे किसी अन्य कंपनी में पोर्ट किया जाए, ताकि स्कूलों को नुकसान ना हो।

- जिन कंपनियों को परिवहन विभाग लिस्टेड करती है, उनका ही ट्रेकर लगाना होता है अनिवार्य
- सरकार बदलने के साथ ही पुरानी कंपनियों को हटाने की तैयारी, कीमतों में भी वृद्धि




### सभी का था पंजीयन

निजी स्कूलों का कहना है कि उन्होंने अपने बसों एवं टैक्सी में जीपीएस लगाया गया है, चूंकि यह सारी कंपनी छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग से जीपीएस का व्यसाय करने के लिए पंजीकृत थी, इसलिए वाहन स्वामियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन पर भरोसा कर अपनी बसों पर यह जीपीएस लगवाया गया, लेकिन अब इनमें से कुछ कंपनी अपना व्यवसाय बंद करना चाहती है और छत्तीसगढ़ परिवहन से जो जमा की गई बैंक गारंटी है वह वापस लेना चाहती है।

### 5 वर्ष का अनुबंध

जीपीएस के लिए सामान्यतः पांच वर्षों का अनुबंध होता है। जो कंपनियां बंद होने वाली हैं, उनमें से किसी का एक वर्ष तो किसी के दो वर्ष ही सेवा के पूर्ण हुए हैं। ऐसे में शेष वर्षों का नुकसान भी उठाना होगा। सूत्रों के अनुसार, कई कंपनियों के पंजीकृत होने के कारण पांच वर्ष के जीपीएस की लागत 6 से 7 हजार रूपए ही आती है। लेकिन अन्य कंपनियों के बंद होने तथा एक-दो के हाथ में ही संचालन देने से प्रतियोगिता कम हो जाएगी और 13 से 14 हजार तक का भुगतान निजी स्कूलों को करना होगा।

## खबर संक्षेप



### विजय बक्षी सहकारी साख समिति के अध्यक्ष मनोनीत

**रायपुर।** एसबीआई कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित भोपाल वृत्त के पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ। जिसमें विजय बक्षी अध्यक्ष, प्रवीण मेघानी सचिव एवं पंकज ठाकुर व कमल जोशी उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए।साख समिति भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों हेतु सन 1977 से कार्यशील है। इसका कार्यक्षेत्र मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ का है। शनिवार को आंचलिक कार्यालय बैरन बाजार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है।

### पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती पर किया नमन



**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा शुक्रवार को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती मनाई गई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भवन में स्थापित पं. शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मरण एवं नमन किया। इसके पश्चात पं. शुक्ल की जीवनी एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव गौरव शुक्ल, अर्चना त्रिवेदी, प्रकाश अवस्थी, आरके दीक्षित, साजेंद्र पाण्डेय, देवेंद्र पाठक (गुड्डू), विजय शुक्ल, इंद्रकुमार तिवारी, शिरीष त्रिवेदी, विमल शुक्ल, समीर मिश्र, एसएस त्रिवेदी, रविंद्र शुक्ल, शशांक त्रिवेदी, शाहिबा खान आदि उपस्थित रहे।

### अब 16 अगस्त तक हो सकेगा फसल बीमा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ऋणी और



अऋणी किसान अब 16 अगस्त तक खरीफ कृषि फसल एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने फसल बीमा कराए जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाकर अब 16 अगस्त कर दिया है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों के बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य के ऋणी एवं अऋणी किसानों को मार्गदर्शन देने तथा उनका पंजीयन कराने को कहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके।

### बैज बोले- प्रदेश में उर्वरकों का संकट

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य में मानसून की भारी बारिश के बाद पूरे प्रदेश में रोपा, बियासी का काम जोरों पर है, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण किसान उर्वरकों के लिए परेशान हो रहे हैं। भाजपा का डीएनए किसान विरोधी है। वह जब-जब सरकार में रहती है किसान को परेशान करने की नीयत से फैसले लेती है। भारतीय जनता पार्टी सरकार की अकर्मण्यता और संवेदनहीनता के चलते छत्तीसगढ़ के किसान खाद और बीच के लिए भटक रहे हैं। खरीफ सीजन 2024-25 के लिए जो खाद और बीज डबल लॉक के गोदामों में रखे गए हैं, वहां से सिंगल लॉक की सोसाइटियों तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था नहीं है।

## डीकेएस में मरीजों को पेइंग वार्ड की सुविधा देने 16 करोड़ के प्रोजेक्ट का ऐसा हाल

# छात्रों-चिकित्सकों के लिए हॉस्टल बनाने 50% भी नहीं मिला फंड, दो साल से अटकी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के सुपर स्पेशयालिटी अस्पताल डीकेएस में पढ़ने वाले एमसीएच छात्रों ही नहीं, इन्हें पढ़ाने वाले चिकित्सा प्रोफेसर्स को भी हॉस्टल की नई सुविधा देने की मुहिम 50 फीसदी भी फंड नहीं मिलने से रुकी हुई है। इस प्रोजेक्ट के फंसने से अस्पताल में दूर-दराज से इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी पेइंग वार्ड की सुविधा के लिए अभी इंतजार करना होगा, क्योंकि दो साल पहले बनाए गए 16 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए अभी सिर्फ एक करोड़ की मंजूरी मिली है।

खास खबर

राजधानी में सुपर स्पेशयालिटी डीकेएस में एमसीएच कोर्स करने वाले 18 छात्रों को अस्पताल परिसर में आवास की सुविधा देने को लेकर विगत दो साल से जारी प्रयास अब पर्याप्त फंड नहीं मिलने से फंसने वाला है। सूत्रों के मुताबिक करीब सालभर पहले आठ मंजिला हॉस्टल बनाने के लिए शासन को करीब 16 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए अप्रैल में शासन ने पहले बजट में छात्रों व 24 प्रोफेसर्स के लिए हॉस्टल बनाने के लिए हरी झंडी दिखाते हुए काम शुरू करने के लिए एक करोड़ की मंजूरी दी। हॉस्टल बनाने की कवायद छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) ने अभी तक इसलिए भी शुरू नहीं की है, क्योंकि 50 फीसदी भी बजट नहीं मिला है।



### जगह तय, नहीं शुरू हुआ काम

हॉस्टल बनाने के लिए प्रबंधन ने अस्पताल के पास राज्य मानवाधिकार आयोग के अपोजिट साइड स्थित गार्डन की जमीन को तय किया है।इसे बनाने के लिए शुरू की गई तैयारी फंड के अभाव में एक बार फिर ठंडे बस्ते में चली गई है। अस्पताल परिसर में ही रहने की सुविधा देने के लिए अभी एमसीएच छात्रों और चिकित्सा प्रोफेसर्स को डीकेएस के ही ऊपरी माले पर रहने की सुविधा प्रबंधन को देनी पड़ रही है।इसके चलते सुपर स्पेशयालिटी में पेइंग वार्ड की सुविधा का अभाव बना हुआ है। इसकी बेहतरी के लिए की गई कवायद भी फाइलों में है।

### पर्याप्त फंड नहीं होने से रुका...

छात्रों व चिकित्सा प्रोफसर्स के लिए हॉस्टल बनाने के लिए दो साल पहले करीब 16 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके लिए अप्रैल में सिर्फ एक करोड़ की मंजूरी मिली है। पर्याप्त फंड नहीं होने से काम शुरू नहीं हुआ है।

- **डा. हेमंत शर्मा**, उप अधीक्षक, डीकेएस, रायपुर

### इन सुविधाओं का प्रावधान

प्रोजेक्ट में छात्रों व चिकित्सा प्रोफेसर्स को एक ही बिल्डिंग में रहने की सुविधा देने का प्रावधान है। इसमें छात्रों के लिए 30 से ज्यादा कमरों में लेट-बॉथ अटैच मिलेगा। इसमें ही किचन की सुविधा होगी। हॉस्टल में सभी छात्रों को अलग-अलग कमरे मिलेंगे। इससे वे पढ़ाई के साथ अस्पताल में जरूरत के अनुरूप सेवा दे सकेंगे। मौके पर ही 24 से ज्यादा प्रोफेसर्स का आवास होने से वे फैमिली के साथ रह सकेंगे। छात्रों को इससे पढ़ाई के लिए तालमेल बनाने में आसानी होगी। अभी इन छात्रों को अस्पताल के ऊपरी माले पर रहने की सुविधा प्रबंधन दे रहा है।

### दूरदराज से आने वालों को...

सूत्रों ने बताया कि अस्पताल के करीब 48 कमरे खाली होने से इनका उपयोग दूर-दराज से गंभीर बीमारी का इलाज कराने के लिए आने वालों और उनके परिजनों को दोहरी सुविधा मिलती। अभी आर्थिक रुप से सक्षम लोगों को किराए का कमरा लेकर इलाज के लिए बार-बार आना-जाना पड़ता है। पेइंग वार्ड की सुविधा मिलने से मरीज के साथ रहने वाले अटेंडर भी उनकी देखभाल कर सकते हैं। अभी एक मरीज के साथ दो से तीन लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे इलाज के अलावा रहने व परिवहन का खर्च भी बढ़ता है।

# तेलीबांधा शूटआउट मामले में पुलिस ने की आठवीं गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- आरोपी को पुलिस हरियाणा सिरसा से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लेकर आई
- गिरफ्तार आरोपी पर शूट करने पिस्टल उपलब्ध कराने का आरोप

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पिछले माह हुए कारोबारी ग्रुप के कार्यालय के बाहर कार में फायरिंग मामले में पुलिस घटना में शामिल आठवें आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल करा दिया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ पुलिस ने हत्या की कोशिश तथा आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शूट आउट मामले में हरियाणा, सिरसा निवासी जसवंत सिंह उर्फ बग्गू को गिरफ्तार किया गया है। जसवंत पर आरोप है कि उसने शूट आउट की घटना में शामिल बदमाशों को पिस्टल उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल पिस्टल जब्त की है। गौरतलब है कि शूट आउट मामले में शामिल एक अन्य बदमाश विक्रम को झारखंड पुलिस ने अपने यहां के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस विक्रम से पूछताछ करने प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर लाने की बात कह रही है।विक्रम का अब तक पुलिस ने प्रोटेक्शन वारंट हासिल नहीं किया है। विक्रम को लेकर रायपुर पुलिस झारखंड पुलिस के संपर्क में है। साथ ही उसके अपराध के बारे में झारखंड पुलिस से जानकारी हासिल कर रही है।

### घटना के बाद शूटरों ने पिस्टल लौटाई

पुलिस के अनुसार शूटआउट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश वापस हरियाणा पहुंचे और शूटआउट में इस्तेमाल पिस्टल जसवंत को लौटा दी थी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पिस्टल उपलब्ध कराने के एवज में अमन साव गैंग के बदमाशों ने जसवंत के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर भी किए हैं। जसवंत के अकाउंट में कितनी रकम ट्रांसफर की गई है, इस बात की जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है।

# जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर ने राह चलते लोगों पर ब्लेड से किया हमला



- अरिहंत हाईट्स सोसाइटी के आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन
- एक गंभीर रूप से घायल, आरोपी को पुलिस ने लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने जेल से छूटने के बाद तीन से चार लोगों पर ब्लेड से हमला किया। ब्लेड के हमले से एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया है, जिसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के बाद रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायल की एमएलसी रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक ब्लेड से हमला करने के आरोप में छोटू उर्फ वासू निषाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार छोटू ने अरिहंत हाईट्स भैरव सोसाइटी में रहने वाले अनिमेष मंडल सहित कई अन्य पर ब्लेड से हमला किया है। जिन अन्य लोगों पर छोटू ने ब्लेड से हमला किया है, वो शिकायत दर्ज कराने थाना नहीं पहुंचे हैं। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है, अनिमेष पैदल जा रहा था, इस दौरान छोटू बाइक से आकर उस पर तथा अन्य पर ब्लेड से हमला कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अनिमेष के साथ पुराना विवाद होने की वजह से छोटू ने उस पर ब्लेड से हमला किया है। छोटू पांच दिन पूर्व एनडीपीएस एक्ट के एक मामला में जेल से जमानत पर छूटा है।

# छत्तीसगढ़ नगर में बनेगा गार्डन सीसी रोड, कैमरे भी लगेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के शहीद पंकज विक्रम वार्ड अंतर्गत छत्तीसगढ़ नगर स्थित आंबेडकर चौक में गार्डन का निर्माण होने जा रहा है।

यह गार्डन हरा-भरा के साथ सुविधाजनक होगा। इसमें छायादार पौधों के साथ लोगों की एक्सरसाइज के लिये ओपन जिम स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा लोगों के बैठने के लिए सीमेंट की चेयर, पैदल चलने के लिए चारो तरफ पेवर ब्लॉक व गार्डन के बाहर सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। साथ ही लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से गार्डन में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

### 19 लाख की लागत से बनेगा गार्डन

वार्ड पार्षद निशा देवेंद्र यादव ने बताया कि गार्डन निर्माण के लिए 19 लाख रुपए की राशि स्वीकृत है। इसके अलावा सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किया गया है। इन दोनों निर्माण के लिए शुक्रवार को भूमिपूजन किया है। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में वार्ड के टैगोर नगर क्षेत्र में चार नया गार्डन बनाया गया था, वहीं धरम नगर बस्ती में एक गार्डन बनाया गया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ नगर में लोगों की मांग पर गार्डन बनाया जा रहा है। इस गार्डन के बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। गार्डन में रोज सुबह-शाम लोग ताजी हवा और वॉक करने के साथ एक्सरसाइज भी कर सकेंगे।

# लावारिस शव का किन्नर बने सहारा, किया अंतिम संस्कार

- महिला का कोई परिजन या रिश्तेदार सामने नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अज्ञात एवं लावारिस शवों को मुक्ति दिलाने के लिए अब किन्नर सहारा बन रहे हैं। सेवा समिति सुराज जनकल्याण सोसाइटी से जुड़े किन्नरों ने शुक्रवार को लावारिस महिला के शव को मुखाग्नि देकर उसका अंतिम संस्कार किया।

शव का अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में पुलिस की मौजूदगी में किया गया। बताया गया कि शव एक बुजुर्ग महिला अहिल्या बाई भारती का था, जिसका पिछले कई दिनों से आंबेडकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। महिला का कोई परिजन या रिश्तेदार सामने नहीं आया, इसलिए मृत्यु के बाद शव को मरच्यूरी में रखा गया था। दो दिन तक मरच्यूरी में रखने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### पुलिस से मिली समिति को सूचना

वृद्धा का शव मरच्यूरी में पिछले दो दिन से पड़ा हुआ था। सिविल लाइंस पुलिस ने इसकी सूचना सुराज समिति को दी, जिसके बाद समिति से जुड़े करीब 7-8 किन्नरों ने मिलकर शव का अंतिम संस्कार किया। समिति के अध्यक्ष प्रीतम सभापति महानंद ने बताया कि समिति का गठन समाज की सेवा के रूप में किया गया है। समिति में पदाधिकारी, कार्यकारिणी सहित 50 सदस्य हैं। इसमें ज्यादातर किन्नर हैं। समिति अज्ञात एवं लावारिस शव से लेकर जानवरों तक का अंतिम संस्कार कर चुकी है। कोविडकाल से लेकर समिति 9 अज्ञात व लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी है। यह 10वां अंतिम संस्कार है।





### खुद के खर्च पर अंतिम संस्कार

समिति के कार्यकारिणी सदस्य सूरज यादव ने बताया कि ऐसे शवों का पुलिस की मौजूदगी में ही अंतिम संस्कार किया जाता है। इस दौरान जो भी खर्च होता है, वह समिति वहन करती है। इसके लिए समिति के सदस्यों के अलावा कई दानदाता भी आगे आते हैं, जो अंतिम संस्कार में खर्च होने वाली राशि में भागीदारी निभाकर पुण्य कमाते हैं।

### बेघर परिवारों को आवास दिलाने का भी प्रयास

समिति के लोगों ने बताया कि समिति बेघर गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने का भी प्रयास करती है। इसके तहत अब तक दो परिवारों को आवास योजना अंतर्गत फ्लैट दिलाया गया है। उनका कहना है कि समिति का मुख्य उद्देश्य बेसहारा व लावारिस लोगों की मदद करना है, चाहे वह जीवित हो या मृत्यु हो चुकी हो।

## पेज 11 के शेष...

### घर में घुसकर आंखों...

कराने की मांग की। इस पर एसपी ने कहा कि आरोपी की तलाश कर रहे हैं, जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने गुण्डरदेही पुलिस को गस्त व पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इधर नगर पंचायत अध्यक्ष रानु हेमंत सोनकर ने व्यापारियों की मांग पर धमतरी चौक में सीसी टीवी कैमरा लगाने की बात कही। इधर गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि गृहमंत्री के प्रभार जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है। जिले के गुण्डरदेही नगर में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं और चोर अब तक नहीं पकड़ा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के थाना प्रभारी व तहसीलदार को हटाने से कुछ नहीं होगा आज भी पटवारी नामांतरण जैसे अन्य कार्यों के लिए रिश्वत ले रहे हैं।

### तांदुला जलाशय...

है जिसके कारण ओव्हरफ्लो होने का इंतजार और करना पड़ेगा। वर्तमान स्थिति की बात करें तो तांदुला जलाशय में 77.83 प्रतिशत जलभराव हो चुका है, तीन दिनों के भीतर जलभराव 4 प्रतिशत बढ़ा है।

**शुक्रवार को 15.8 मिमी वर्षा, कहां कितनी बारिश देखिए रिपोर्ट-** शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शनिवार सुबह 8 बजे तक के रिपोर्ट के अनुसार जिले में औसतन 15.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले के गुण्डरदेही तहसील में 11.5 मिमी वर्षा, बालोद तहसील में 18.3 मिमी वर्षा, गुरुर 10.3 मिमी, डौंडीलोहारा 21.7 मिमी, डौंडी 14.9 मिमी, अर्जुन्दा 17.9 मिमी और मार्री बंगला देवरी तहसील क्षेत्र में 19.9 मिमी वर्षा दर्ज किया गया है।

### भारी बारिश के बीच कलेक्टर ने की सावधानी बरतने की अपील

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विगत कुछ दिनों से प्रदेश के साथ–साथ बालोद जिले में लगातार हो रही तेज बारिश को देखते हुए जिले के आम नागरिकों से इस दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस दौरान सावधानी बरतें, ताकि किसी भी प्रकार की जन–धन की हानि की रोकथाम सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि बालोद जिले में लगातार हो रही बारिश से नदी नालों एवं निचले इलाकों में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे कठिन समय में जिले के आमजनों से अपील की जाती है कि वे नदी नालों व जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें। सड़क और पुल के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में उस जगह को पार करने का जोखिम बिल्कुल भी ना उठाएं।

# पूर्व विधायक के निधन की सूचना विधानसभा को नहीं, अब कलेक्टरों को सरकार ने चेताया

- सामान्य प्रशासन ने कलेक्टरों को भेजा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाल में हुए विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान एक पूर्व विधायक की मृत्यु की जानकारी समय पर विधानसभा सचिवालय को नहीं दी गई थी। इस मामले में विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नाराजगी दिखाई थी।

इस मामले को लेकर अब राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिया है कि भविष्य में राज्य के पूर्व, वर्तमान सांसदों तथा विधायकों एवं अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित भूतपूर्व सदस्यों के निधन होने की स्थिति में उसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र पर उनसे जीवन परिचय सहित अविलंब पत्र, फैक्स एवं दूरभाष के माध्यम से यथास्थिति लोक सभा, राज्य सभा, विधानसभा सचिवालय को भेजी जाये तथा उसकी प्रतिलिपि सामान्य प्रशासन विभाग को भी अनिवार्य रूप से भेजी जाए।

### कहा- कलेक्टर कार्यालय नहीं रखते हैं ध्यान

### याद दिलाया 20 साल पुराना निर्देश

सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी कलेक्टरों को याद दिलाया है कि अब से पहले 2005 से लेकर 2017 तक सात बार ये निर्देश जारी किए गए हैं कि लोकसभा, राज्यसभा के सदस्यों, विधायकों पूर्व एव वर्तमान के निधन की सूचना बिना देर किए विधानसभा सचिवालय को दी जानी है। इसी क्रम में एक और ताजा निर्देश भी जारी किया गया है।




### भविष्य में न हो देर

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अभी हाल ही में विषयांन्तर्गत सूचनायें कतिपय जिलों से समय पर विधान सभा सचिवालय को प्राप्त नहीं हुई है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस हेतु कहीं-कहीं प्रभावी व्यवस्था का अभाव है, यह स्थिति उचित नहीं है। इसलिए भविष्य में इस प्रकार की सूचना दिये जाने में विलंब न हो। साथ ही यह भी देखा गया है कि उपरोक्त सूचना दिये जाने के संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रेषण प्रणाली का ध्यान नहीं रखा जाता है। इस प्रकार की त्रुटियों होने से निधन संबंधी सूचना, जानकारी निर्धारित समयावधि में गंतव्य कार्यालयों को ना मिल पाने से गरिमामयी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

## खबर संक्षेप



### नो पार्किंग में खड़े वाहन का कटा चालान

**भिलाई।** नेशनल हाइवे, केनाल और ब्रिज के नीचे खडे भारी वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया। इसके अलावा सूर्या माल क्षेत्र में खड़ी दो पहिया वाहन को क्रेन से उठा कर मुख्यालय नेहरु नगर चौक लाया गया। इस तरह के वाहनों का 7 माह में 2 हजार 998 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि नो पार्किंग में खडे वाहनों पर कार्रवाई की गई है। जिन वाहनो के चालक परिचालक उपस्थित नहीं थे। उन्हें ऑनलाईन चालान मोबाईल पर भेजा गया है। इसके अलावा राजेन्द्र पार्क चौक से ग्रीन चौक तक नो पार्किंग मे खड़े वाहनों पर लाक लगाया गया। चार पहिया वाहनों में भी लॉक लगाया गया। जो वाहन चालक चालान भुगतान करने आए उन्हें भविष्य के लिए समझाइए भी दी गई।

### किसान अब 16 अगस्त तक करा सकेंगे बीमा

**भिलाई।** ऋणी और अऋणी किसान अब 16 अगस्त तक खरीफ कृषि फसल एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे। पहले यह तारीख 31 जुलाई तय थी। इसमें शासन के निर्देश पर बढ़ोतरी की गई है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान सिंचित, असिंचित, सोयाबीन, मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, कोदो-कुटकी, रागी फसल का बीमा करा सकते हैं। इसके लिए किसान अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1 पॉचशाला खसरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बोनी प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन कराना होगा। दुर्ग जिले के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा हेतु अधिकृत किया गया है। किसान च्वाइस सेंटर में भी जानकारी ले सकते हैं।

### इंवेस्ट करने के नाम पर अमानत में खयानत

**भिलाई।** आठ साल पहले सीएम सड़क योजना के ठेकेदार पर रकम इंवेस्ट करने के नाम पर अमानत में खयानत करने का आरोप लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि वसुंधरा नगर भिलाई तीन निवासी चंद्रिका सिंह यादव ने इंवेस्ट के नाम पर सेक्टर 6 निवासी बसंत साहू को रकम 17 लाख दिया था। पीड़ित से इंवेस्ट के नाम पर रुपए बसंत ने लिया था। बसंत साहू के द्वारा रुपए वापस न करते हुए दूसरे जगह लगाने का झांसा देकर टरका दिया करता था। बसंत साहू से पीड़ित को सालों से जान पहचान है। बसंत साहू सडक निर्माण ठेकेदारी का काम करता है। पीड़ित को झांसे में लेकर बसंत ने मुख्यमंत्री सडक निर्माण जिला मुंगेली में काम मिलने की बात कही थी। पीड़ित को रुपए को इंवेस्ट करने को कहा मना करने बाद भी बसंत ने रुपए लौटाने का भरोसा देकर रुपए लिया। पहले 5-5 लाख रूपये नगद दिया। इसके बाद 7 लाख रूपये बसंत के मांगने पर उक्त रकम दिया। रुपए वापस के लिए पीड़ित कई बार बसंत के घर का चक्कर काटता रहा लेकिन आरोपी लगातार टाल मटोल करता रहा। आरोपी ने पीड़ित के साथ अमानत में खयानत किया है।

**बैठक : भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही की बैठक में नेताओं ने भरा जोश**

# गांव-गांव में विकास के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में हो भाजपा का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही की विस्तृत बैठक शनिवार को सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में रखी गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में शामिल जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने नगर पंचायत सरपंच जनपद व जिला पंचायत की चुनाव की रणनीति सहित अन्य विषय पर बात रखी, उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकसभा चुनाव के बाद अब आने वाले समय मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है और यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है, इस चुनाव मे हम सब मिलकर क्षेत्र में भाजपा के सरपंच, जनपद, जिला पंचायत व नगर पंचायत मे अपना कब्जा जमाना है ताकि गांव गांव व नगर मे विकास तेजी से हो सके। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धि व आगामी कार्य योजना को भी बताया। कार्यक्रम में ठाकुरराम चन्द्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, राकेश यादव, रानु हेमंत सोनकर, मोहन जैन, दुष्यन्त कुमार सोनवानी, प्रमोद जैन, अश्वनी यादव, इन्द्रपाल चन्द्राकर, टीकाराम निषाद, हरीश निषाद, हेमंत साहू, सौरभ जैन, थानसिंह मंडावी, तेजराम साहू, कोमल सोनकर, विजय सोनकर, मयंक अग्रवाल, थानमल जैन, नविता साहू, कांति सोनेश्वरी, चेतन साहू सहित मंडल के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक बुथ अध्यक्ष व बड़ संख्य मे महिला पदाधिकारी उपस्थित थे।



**पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ कोई कार्यकर्ता न लड़े चुनाव : पवार**

पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि पंचायती राज चुनाव मे भाजपा के एक भी प्रत्याशी ना हारे पूरे विधानसभा में पंचायती राज चुनाव में भाजपा का परचम लहराएं कार्यकर्ता एकजुटता के साथ कार्य करें एक भी कार्यकर्ता प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव न लड़े। कार्यक्रम को प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर महामंत्री चेमन देशमुख व अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

# रेलवे में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी के मुख्य आरोपी उत्तम चंद खाण्डेकर को बालोद पुलिस ने गोंदिया(महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी ने 19,55,000 रूपये लेकर रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की थी।



पुलिस ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी ठगी के प्रकरण में जेल जा चुका है। आरोपी उत्तम चंद खाण्डेकर व उसके साथी के विरूद्ध बालोद जिले में 3 प्रकरण दर्ज हैं।

■ **इस मामले में बालोद पुलिस पहले ही दो आरोपियों को कर चुकी है गिरफ्तार**

थाना बालोद के ठगी के प्रकरण में प्र.आर. भगवान सिंह धुव्र एवं हरीशचंद्र सिन्हा के नेतृत्व में 02 विशेष टीम बनाकर पूर्व से फरार आरोपी उत्तमचंद खाण्डेकर को गिरफ्तार करने के लिए जिला गोंदिया एवं नागपुर टीम भेजी गई थी, जहां से उसे पकड़कर थाना बालोद लाया गया।

पहले प्रकरण में रेलवे कालोनी बालोद निवासी प्रार्थी घनश्याम ढीमर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि डुलेश कुमार साहू रेलवे विभाग में स्टेशन मास्टर के पद पर नौकरी लगाने का प्रलोभन दिया। उसके बाद आरोपी अपने मित्र उत्तम खाण्डेकर, अंकुष मिश्रा से परिचय कराया। उत्तम खाण्डेकर, अंकुष मिश्रा ने रेलवे विभाग का उच्च अधिकारी होना बताया। उसके बाद नौकरी लगाने के लिए 11,08,000 रुपए ले लिए, लेकिन अभी तक नौकरी नहीं लगवाई और न ही पैसा वापस किया है। मामले में धोखाधड़ी करना पाये जाने से थाना बालोद में धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

दूसरे प्रकरण में ग्राम खेरथाडीह प्रार्थी धर्मेन्द्र साहू ने आरोपी डुलेश कुमार साहू पर रेलवे विभाग में टिकट कलेक्टर की नौकरी लगाने के लिए 8,45,000 रुपये लेने तथा नौकरी नहीं लगाने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में थाना बालोद में धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

इसी तरह तीसरे प्रकरण में थाना गुरूर में धारा 420, 467, 468, 34 भादवि में प्रार्थी हरीओम साहू ग्राम दुपचेरा एवं अक्षय कुमार साहू ग्राम खुदनी थाना गुरूर जिला बालोद को रेलवे में नौकरी लगाने के पर 24,00,000 रूपये की ठगी की गई।

मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी ग्राम भोथली थाना सनौद डुलेश कुमार साहू 46 साल, भगवान नगर अंजनी नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी अंकुश मिश्रा को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में अब कुल तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

# दल्लीराजहरा में शिविर के दौरान 30 लोगों के आयुष्मान कार्ड बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा के वार्ड क्रमांक 09 में 01 अगस्त को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया था। जिसमें शिविर के माध्यम से 30 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वार्ड पार्षद श्रुति यादव ने वार्ड वासियों को आयुष्मान कार्ड के उपयोगिता के विषय में जानकारी दी उन्होंने कहा कि भारत सरकार की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होने से शासन के द्वारा गंभीर चिहांकित बीमारी का इलाज चिनहांकित अस्पताल में ए. पी. एल. परिवार का पचास हजार तक एवं बी. पी. एल. परिवार का पांच लाख तक इस कार्ड के माध्यम से इलाज होता है। बड़े अस्पतालों में इलाज में होने वाले महंगी खर्चों से बचें और सरकार के द्वारा लाए गये आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ उठाकर अपनी गाढ़ी कमाई का बचत करें।तथा स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने भी नगर वासियों से निवेदन किया कि जिस व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड नही बना है वह अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मचारी एवं मितानीन से सम्पर्क करके आयुष्मान कार्ड बनवा लेवे एवं शासन की योजना का अवश्य लाभ लें।आयुष्मान कार्ड शिविर में स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखु राम साहू आयुष्मान कार्ड सलाहकार ललित जोशी, वार्ड पार्षद श्रुति यादव मितानिन सांता यादव, सहायिका रेखा सोनटेके, सरोज, यदु, उर्वशी, रेशमा, आदि वार्ड वासी उपस्थित थे।

### समस्या का समाधान पहली प्राथमिकता : ललित

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर में अपने निवास स्थान में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से लोगों की समस्याएं सुनकर निराकरण कर रहे हैं। प्रतिदिन क्षेत्र की जनता अपनी-अपनी समस्या को लेकर आते हैं उनकी समस्याओं के आधार पर विधायक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देषित कर निराकरण किया जाता है।

# शिक्षकों को दिया गया डिजिटल प्रस्तुतिकरण का प्रशिक्षण

**शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई कार्यशाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विगत वर्षों की भांति आई.सी.टी. डिजिटल प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। मुख्य प्रशिक्षक हरीश कुमार सिन्हा कंप्यूटर शिक्षक शास उच्च माध्य विद्या डौंडीलोहारा, डोमेश्वर साहू शा. उच्च माध्य विद्या खोलझर थे। इस प्रशिक्षण में लगभग 40 प्रशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से किसी विषय वस्तु को छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन के माध्यम से कैसा प्रस्तुत किया जा सकता है, इसकी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त ऑफलाइन में किस प्रकार से किसी विषय वस्तु को प्रस्तुत कर सकते हैं, का भी प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर व्याख्याता डॉ बी. एल. साहसी ने कहा कि डिजिटल ट्रेनिंग के दौरान लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के संबंध में विशेष जानकारी दी गई, जो आज के प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु रहा है। राजेंद्र देवांगन व्याख्याता ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य किसी विषय वस्तु की विशेष जानकारी लेना होता है, मेरा अनुभव रहा है कि कैसा भी प्रशिक्षण क्यों ना हो ,लाभ अवश्य मिलता है। सभी व्याख्याता उपस्थित थे। अंत में हरीश सिन्हा ने कहा कि हमारा उद्देश्य इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को प्रोजेक्टर की अधिक से अधिक जानकारी देना है, ताकि शिक्षक गण अच्छे ढंग से छात्र-छात्राओं को इसकी जानकारी दे सकें। यह प्रशिक्षण प्रत्येक शनिवार को सुबह 10 से 4 बजे तक होना है जिसमें प्रत्येक विद्यालय के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के व्याख्याताओं को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है, ताकि वह अच्छे ढंग से प्रोजेक्टर का उपयोग करते हुए छात्र-छात्राओं को किसी टॉपिक की जानकारी दे सके।



# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मनाई गई हरेली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर सहित आसपास के विद्यालयों में उत्साह के साथ हरेली पर्व मनाया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में हरेली त्यौहार के पूर्व हरेली उत्सव का आयोजन किया गया।इस दौरान परंपरा अनुसार कृषि संबंधी औजारों एवं गेड़ी की पूजा की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हरेली त्योहार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों में अपनी परंपरा व संस्कृति को लेकर विशेष उत्साह बना रहा।

# पार्षद से मारपीट मामले में विधायक संगीता का बयान हास्यास्पद : भाजपा

**गुरूर।** भाजपा नेताओं ने 12 जुलाई को गुरुर में हुई घटना को लेकर 01 अगस्त को क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा द्वारा ली गई प्रेस वार्ता को हास्यास्पद बताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अवैध व्यावसायिक निर्माण को प्रशासन द्वारा तोड़ा गया, जिसे बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया गया। वहीं, नहीं रुकने पर पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा व विधायक संगीता सिन्हा ने व्यापारियों को उकसाया। उसके बाद महिलाओं ने पार्षद कुंती सिन्हा के घर में प्रवेश कर उसे खींचते हुए बाहर सड़क पर लाकर धकेल दिया। लेकिन, ऐसे कृत्य को विधायक संगीता अपनी ही साड़ी में फंस कर गिरना बता रही हैं, जबकि यह फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि साड़ी में फंस कर गिरीं या उन्हें धकेला गया। भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि इतने पर भी जी नहीं भरा तो विधायक संगीता सिन्हा ने 30 जुलाई को अपने समर्थकों के साथ थाना गुरुर में कुंती सिन्हा (पार्षद) व उनके दामाद अनुराग जैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने 5 घंटे थाना में बैठ कर दबाव बना कर झूठी एफआईआर प्रेरणा साहू के नाम से दर्ज करवा दी। भाजपा नेताओं ने कहा कि झूठी एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रेरणा साहू को को आत्मग्लानि हुई और उन्होंने 31 जुलाई को थाने में और न्यायालय बालोद में अपनी झूठी रिपोर्ट के खात्मे के लिए बंद लिफाफे में अपना बयान दर्ज करवाकर केस वापस ले लिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि उसके बाद पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने पत्रकार विनोद नेताम के साथ मारपीट की, जो अनुचित है। इसके लिए पार्टी कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। प्रेस वार्ता में मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, मेहत्तर नेताम, भुवन साहू, राजेश दीवान, पन्ना साहू, चिंता राम साहू, अनुसिईया ध्रुव, कुन्ती सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, अजेन्द्र साहू, शशिकान्त जगदल्ले, प्रदीप साहू उपस्थित थे।

■ **भाजपा नेताओं ने विधायक के बयान की निंदा की**

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

# पालक समिति की अध्यक्ष चुनी गईं राखी

**दल्लीराजहरा।** शाला गांधी विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दल्लीराजहरा में 3 अगस्त को शाला के समस्त पालकगण एवं स्वर्गीय के. पी. जायसवाल स्मृति शिक्षा समिति द्वारा संचालित शाला गांधी विद्या मंदिर छत्तीसगढ़ समूह के अध्यक्ष युवराज साहू की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। इस दौरान पालक समिति के गठन पश्चात निर्देश बिंदु तथा गठन के उद्देश्य की चर्चा की अध्ययन से संबंधित, विद्यालय के प्रगति संबंधी बातें, सर्वांगिक विकास के विषय पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु राखी देवांगन, उपाध्यक्ष पद हेतु उर्मिला गुप्ता को तथा सचिव विद्यालय की प्राचार्या मंजू गुप्ता एवम कोषाध्यक्ष युवराज साहू को विद्यालय के शुल्क प्रभारी बनाया गया। पालक शिक्षक सीमित के अन्य सदस्यगण सुनीता साहू, सुनीता पुरेन्द्र साहू,, ममता निषाद, हेमलाल दर्रो, नरेश कोमरे को बनाया गया ।इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक सदस्य बी. के. सार्वा, ललिता मरकाम , शीतल साहू , एल.के.धलेन्द्र, पूजा साहू, दिनेशवरी साहू , प्रदीप बंसोड़े को बनाया गया। नव निर्वाचित सदस्यों को शाला के प्राचार्य मंजू गुप्ता ने बधाई देते हुए शाला के विकास हेतु अपना विशेष योगदान देने के लिए प्रयास करने आभार माना।



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

### दुर्ग संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**पाटन।** खंडशिक्षा अधिकारी पाटन के संयोजन व सहसंयोजक डीआरएस स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पाटन के तत्वावधान में इंडोर स्टेडियम पाटन में दुर्ग संभाग के सातों जिले दुर्ग, राजनांदगांव, मानपुर मोहला, खैरागढ़, कबीरधाम, बेमेतरा एवं बालोद जिले के 170 खिलाड़ियों ने शिरकत किया।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से सरकार के मंसूबों पर फिर रहा पानी, निर्माण में गुणवत्ता दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

केंद्र व राज्य सरकार गरीब किसानों के फायदे के लिए करोड़ों रुपये का फंड जारी करती है, ताकि किसानों को फायदा मिल सके और इसी को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रतिवर्ष धान खरीदी के बाद उसके उठाव में देरी के कारण बेमौसम बारिश से भीग जाने से सरकार और किसानों के नुकसान को रोकने के लिए करोड़ों की लागत से वेयर हाउस निर्माण कार्य करवा रही है। इससे खरीदी गई धान के बोरों को सुरक्षित रखने में मददगार साबित हो जाए। लेकिन आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डोंडी में बन रहे ओपन वेयर हाउस भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते दिखाई दे रहे हैं। नगर पंचायत डौंडी क्षेत्र में वेयरहाउस के निर्माण कार्य के नाम पर निर्माण एजेंसी के साथ वेयर हाउस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व इंजीनियर की लापरवाही व अनदेखी से मनमानी गुणवत्ता विहीन कार्य किया जा रहा है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि वेयर हाउस निर्माण कार्य गुणवत्ता की भेंट चढ़ा रहा है। जनपद पंचायत मुख्यालय डौंडी अंतर्गत वन विभाग कार्यालय के बगल में और सड़क मार्ग के सामने कई एकड़ शासकीय भूमि पर छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन की देखरेख में धमतरी के ठेकेदार को करोड़ों रुपए की लागत से वेयरहाउस निर्माण, वेयरहाउस कंक्रीट चबूतरा, सड़क निर्माण सहित एक गार्ड रूम निर्माण कार्य का ठेका मिला। वहीं, कंक्रीट चबूतरा निर्माण कार्य का वर्क आर्डर के विपरीत जारी कार्य पर विभाग के किसी जिम्मेदार अधिकारी ने कभी खोज खबर ही नहीं ली है, न ही कार्यावधि का कोई सूचना बोर्ड लगाया गया है। ग्रामीण जन बताते है कि उक्त निर्माण कार्य में निम्न क्वालिटी का रेत, गिट्टी, ईंट इस्तमाल किया जा रहा है।

## डौंडी क्षेत्र में वेयरहाउस निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल



### उद्घाटन से पहले चबूतरे में दरारें

एक ओर सरकार किसानों से धान खरीदी कार्य पर जोर शोर से किया जा रहा है और क्रय की गई धान भंडारण व सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से करोड़ों रुपए का वेयरहाउस निर्माण तथा ओपन कैंप वेयरहाउस कंक्रीट चबूतरा निर्माण कार्य प्राइवेट एजेंसियों के माध्यम से जगह-जगह कराया जा रहा है। किंतु निर्माण एजेंसी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने का कार्य पर उतारू है। चबूतरा सीसी ढलाई निर्माण कार्य निम्नस्तर का किया गया है, जिसमे वेयर हाउस के उद्घाटन से पहले ही चबूतरे में दरारें पड़ने लगी है।



## खबर संक्षेप




### शराब दुकान हटाने महिलाओं का प्रदर्शन

**दुर्ग।** नेशनल हाईवे पर खुर्सीपार क्षेत्र में लंबे समय से शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय महिलाओं द्वारा लगातार इस पर आपत्ति की जा रही है। इसके बाद भी आबकारी विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। शुक्रवार को खुर्सीपार की महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। हाथों में तख्तियां लेकर वे कलेक्ट्रेट पहुंच गई। जहां शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इतना ही नहीं महिलाओं ने आबकारी दफ्तर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने आबकारी विभाग के घेरने का भी प्रयास किया। कलेक्टर ऋछा प्रकाश चौधरी से महिलाओं ने दुकान को तत्काल हटाने की मांग की। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। 500 से ज्यादा महिलाएं शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची थी। सुरक्षा लिहाज से मौके पर पुलिस बल की तैनाती भी करनी पड़ी। महिलाओं ने कहा कि भिलाई के वार्ड 51 शहीद वीर नारायण नगर में फोरलेन पर पिछले लंबे समय से अंग्रेजी शराब दुकान संचालित है।

## निधन

### विरेंद्र सिंह चन्द्राकर



**अंडा।** ग्राम खप्परवाड़ा निवासी पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति खप्परवाड़ा एवं पूर्व सरपंच हेमलता चन्द्राकर के पति विरेंद्र सिह चन्द्राकर उम्र 74 वर्ष का 3 अगस्त को निधन हो गया। वे सौरभ चन्द्राकर व संदीप चंद्राकर के पिता जी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### लीला बाई सेन



**डोंडी।** ग्राम ढोरीठेमा (डौंडी) निवासी लीला बाई सेन का शनिवार को निधन हो गया। वे 87 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार आज गृह ग्राम ढोरीठेमा (डौंडी) के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पुनीत राम सेन व किशनलाल सेन की माता थीं।

## पर्व : सावन माह की शिवरात्रि पर शुक्रवार रात की गई विशेष पूजा

# कई घरों में गूंजा हर-हर महादेव, हजारों श्रद्धालुओं ने शिवजी का किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भगवान शिव के अति प्रिय सावन माह में भक्ति भाव का सिलसिला निरंतर जारी है। भक्त अपने भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग तरीकों से आराधना करते नजर आ रहे हैं। वहीं कथावाचक प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर शुक्रवार को सावन माह की शिवरात्रि पर अनेक घरों में रुद्राभिषेक किया गया।

सावन माह में भगवान शिव की पूजा अर्चना का विशेष महत्व होता है। सावन माह में आने वाली महाशिवरात्रि पर इस बार कई संयोग बने। यही कारण रहा कि क्षेत्र के हजारों भक्तों ने घरों में रुद्राभिषेक किया। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर हुए रुद्राभिषेक को लेकर भक्तों में काफी उत्साह नजर आ रहा था। भक्त इस धार्मिक अनुष्ठान को करने के लिए उत्सुक दिखाई दे रहे थे। शाम 7 बजे शुरू हुआ यह रुद्राभिषेक 8 बजे तक चला। इस दौरान लोगों ने टीवी और मोबाइल के माध्यम से पूजन देखकर अपने-अपने घरों में रुद्राभिषेक किया। यह पहला ऐसा मौका था, जब इतनी बड़ी संख्या में एक साथ लोगों ने



अपने-अपने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर घरों में किसी धार्मिक अनुष्ठान किया। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आ रहा था, जहां हर कोई इस अनुष्ठान को भक्ति भाव के साथ अपने घरों में कर रहा था। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर हुए रुद्राभिषेक के लिए भक्तों ने सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी थी, जहा इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए पूजन सामग्री लेने श्रद्धालु बाजार पहुंचे, तो वहीं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण भी किया। शाम 7 बजे शुरू हुए रुद्राभिषेक में विधिवत रूप से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। रुद्राभिषेक पूजन रात्रि लगभग 9 बजे आरती के साथ संपन्न हुआ।

## पूर्व राज्यपाल बैस से भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश ने की मुलाकात

**बालोद।** रायपुर के पूर्व सांसद, त्रिपुरा, झारखंड व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के जन्मदिन पर उनसे मिलने भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव पहुंचे। उनके साथ संतोष कौशिक और पालक ठाकुर भी थे। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक विशयो के साथ क्षेत्र के विकास के लिए संभावित विषयों पर चर्चा की गई।



# कटु वचन के बदले कटुवचन कहने से महाभारत ही होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

परमात्मा का हम पर उपकार है जो जीवन को कैसे जीना यह सिखाता है, जीवन के प्रति उनके दृष्टिकोण को आत्मासात करें तो जीवन सरल और शांत हो सकता है, आदर्श अच्छा हो तो आचरण स्वयं अच्छा हो जाता है। महावीर भवन में चल रहे हैं प्रवचन श्रृंखला में संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने जीवन दर्शन पर आधारित अपने उद्बोधन में आगे कहा कि हमारा आदर्श हमारा रोल मॉडल कैसा हो इसका चयन हमें स्वयं करना है। महान व्यक्ति को आदर्श बनाएंगे तो अच्छे गुणों का आत्मासात होगा, परमात्मा ने हमें त्याग तपस्या का जो मार्ग दिखाया, उससे सहनशीलता और उदारता जैसे मानवीय गुणों में वृद्धि होती है, असक्ति को छोड़ने और अभाव में जीने की कला आ जाती है, पुण्य प्रबल है और सब कुछ सुविधाएं हैं तो भी समभाव में रहें और पुण्य कम है और अभाव में रहना है तो भी समभाव में रहे। सम भाव में रहने वाला व्यक्ति दुखी परेशान नहीं होता।



■ संत ऋषभ सागर जी महाराज ने दी सहनशील रहने की प्रेरणा

### कोई गलत वचन कह रहा है, तो आप न लें, वह उसी के पास रह जाएगा

संत ऋषभ सागर जी महाराज ने कहा कि कोई व्यक्ति कोई चीज देना चाह रहा है और हम उससे वह चीज ना लें तो वह किसके पास रहेगा, उसी के पास रहेगा। इसी तरह कोई व्यक्ति गलत वचन कह रहा है और हम उसे न लेना चाहें, तो वह उसी के पास रह जाएगा। ऐसी परिस्थिति में भी शांत रहोगे, तो हमारी शांति भंग नहीं होगी। मन से कमजोर और दुखी व्यक्ति आक्रोश से भरा होता है। ऐसे ही व्यक्ति के अतीत को देखें तो लगता है वह कृपा का पात्र है। कटु वचन के बदले कटुवचन कहने से महाभारत ही होगा। इसलिए सहनशीलता के गुणों को आत्मासात करें। प्रत्येक व्यक्ति में असीम क्षमताएं होती हैं, लेकिन जिन क्षेत्रों में भी क्षमताओं का उपयोग न करें, वह घटती चली जाती है। इस दौरान दल्ली राजहरा से प्रामोद कोचर एवं कोंडागांव से टीकम चंद्र गोलछा, संघ के साथ दर्शन वंदन एवं श्रवण के लिए आए थे। चातुर्मास समिति ने उनका अभिनंदन किया।

# क्षेत्र में दबंगई कर रहे पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने संजारी बालोद के विधायक एवं पूर्व विधायक पर अवैधानिक कृत्य एवं दबंगई व गुण्डागर्दी का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की है।

उन्होंने कहा कि गुरुर में हो रहे हाल की घटनाक्रम की जारी वीडियो फुटेज से स्पष्ट है कि शासकीय भूमि पर अवैध रूप से चल रहे निर्माण कार्य को गिराए जाने पर प्रशासनिक कार्यों में बाधा डालते हुए सरकारी अमले एवं न्यायपालिका के आदेश का पालन कर रहे कर्मचारियों को डराना-धमकाना अभद्र शब्दों का प्रयोग एवं भीड़ को उकसाने का कार्य कांग्रेस पार्टी के वर्तमान विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा ने किया है। इसके फलस्वरुप स्थानीय भाजपा पार्षद पर घर में हमला कर रास्ते में पटक कर अपमानित किया गया। उक्त घटना के वीडियो फुटेज से लगता है कि इसमें एक बड़ी दुर्घटना महिला पार्षद के साथ हो सकती थी, इस घटना के कुछ दिन बाद ही वर्तमान विधायक द्वारा गुरुर थाने में महिला पार्षद कुंती सिन्हा के दामाद पर एक महिला द्वारा छेड़छाड़ का झूठा एफआईआर दर्ज करने दिन भर गुरुर थाने में दबाव डाला गया। किंतु एक–दो दिन में ही छेड़छाड़ की आवेदक उक्त महिला ने कोर्ट में जाकर विधायक के बहकावे एवं दबाव में आकर दर्ज एफआईआर को वापस लेने का आग्रह किया, जिसने विधायक के कृत्यों की पोल खोल दी है। इन सब घटनाक्रम की बीच में पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा द्वारा एक पत्रकार को अपने कार्यालय में ले जाकर मारपीट की गई। इस तरह के कृत्य गुण्डागर्दी व दबंगई एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के लिए शर्मनाक है। एक जिम्मेदार नागरिक एवं भाजपा के कार्यकर्ता होने की नाते मैं इनकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।



■ जिला भाजपा अध्यक्ष पवन ने लगाया आरोप

## मयूर पब्लिक स्कूल में मनाया गया ग्रीन डे ...



**गुरूर।** मयूर पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे मनाया गया। जहां बच्चो के साथ स्कूल के स्टॉफ द्वारा पौधा रोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच भेजा मैदानी रेणुका गजेंद्र थी। इस अवसर पर बच्चे रंग बिरंगे वेशभूषा में आए थे। इस कार्यक्रम के दौरान शाला के संचालक हेमलता साहू, प्राचार्य मोती लाल साहू, चमेली साहू, जयंती यादव, वंदना यदु, मोना साहू, नीलम, भीमेश्वरी, भारती साहू, धनेश्वरी नार्वे उपस्थित थे।



## महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को बांटे पौधे

**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम बंजारी में महतारी वंदन योजना के लाभान्वित महिलाओं को ग्राम पंचायत बंजारी के सरपंच गिलेश घोंसले ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निशुल्क पौधा वितरण किया। इस अवसर पर ललित कुमार वर्मा सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंगाडबरी भी उपस्थित थे। ग्राम के नेमन साहू ने बताया कि महिलाओं ने पौधा लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का आग्रह किया गया।

## प्रोफेसरों व छात्रों ने असाक्षरों को साक्षर बनाने की ली शपथ

**अंडा।** स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारतीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में आईक्यूएसी द्वारा संकुल के तहत प्राध्यापकों कर्मचारियों व विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इसमें उल्लास भारत साक्षरता कार्यक्रम से जोड़कर शिक्षार्थियों को साक्षर कर शिक्षा प्रदान करना है। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षार्थियों को शिक्षित करने में ज्ञान व कौशल का भी उपयोग करना है। इस शपथ में महाविद्यालय के आई क्यू एसी प्रभारी डॉ. सीमा जायसवाल, सहायक प्राध्यापक पूजा सोढा, अंजू रानी ठाकुर, वेद प्रकाश ठाकुर, अन्नपूर्णा यादव, डॉ. ओ. पी .चंद्रा डॉ. शिप्पी देवांगन उपस्थित थे ।इस शपथ में संकुल प्राचार्य जी एल बंजारे, संकुल समन्वयक संजय चंद्राकर, प्रधान पाठक पी. एल .चंद्राकर, प्रधान पाठक रीना भट्टाचार्य, कोमल लाल पिस्दा ,केशव कोर्राम ,संजीव देवांगन, दुष्यंत साहू एवं संकुल के समस्त शिक्षक की विशेष भूमिका रही है।



तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# आमापारा में लगा जन समस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विकास मूलक एवं जल कल्याणकारी योजनाओं को लेकर वार्ड नंबर 12 व 13 वार्ड वासियों के समस्याओं का निदान करने नगरी प्रशासन द्वारा निवारण पखवाड़ा का आयोजन आमापारा के रंग मंच पर किया गया।

■ मांगों व समस्याओं को लेकर पहुंचे वार्ड क्रमांक 12 व 13 के नागरिक

इस शिविर में बड़ी संख्या में दोनों वार्ड के वार्ड वासियों द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर भीड़ लगी रही और इस निवारण पखवाड़ा में आए लोगों में उत्साह दिखा। समस्याओं के निदान के लिए वहां सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। निवारण पखवाड़ा में शहरी गरीबों के लिए संचालित योजनाएं राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन,



रोजगार मूलक प्रशिक्षण कार्यक्रम, सड़क, नाली, बिजली, पानी, साफ– सफाई, राशन कार्ड के लिए यह पखवाड़ा लगाया गया।

लोगों द्वारा लाई गईं समस्याओं का निवारण जो तत्काल हो सकता है, उसे तुरंत किया गया और बहुत से लोगों ने आवेदन दिया, जिसे विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों ने जमा किया और आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का निवारण भी जल्द किया जाएगा।

इस निवारण पखवाड़ा में नगर पालिका विभाग से सीएमओ सौरभ शर्मा, के साथ विद्युत विभाग से कनिष्ठ अभियंता नीतू नागवंशी,



स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर राणु यदु, पायल ठाकुर, चंदन गिरी, महिला बाल विकास विभाग रोजगार विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता वार्ड नंबर 12 के पार्षद राजू पटेल, जिला मंत्री अंबिका यादव, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपलिया, शहर मंत्री सुनीता मनहर, पूर्व पार्षद बिल्ला मनहर, डोमेंद्र साहू, बूथ अध्यक्ष प्रतिमा यादव, कार्यकर्ता रेखा यादव, पुष्पा सोनी, श्यामवती यादव, सुदामा साहू, सुखिया गोंड, कौशल्या मेश्राम के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं के निदान हेतु मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411





रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 अगस्त 2024
19 सितंबर 2024
14 अक्टूबर 2024
21 दिसंबर 2024
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)